मथुरा पुलिस

थाना- कोसीकलां जनपद मथुरा। **OPERATION CONVICTION**

दिनांकः- 26.02.2026

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में मथुरा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अवैध तमंचा व कारतूस रखने वाले अभियुक्त को जेल मे बिताई अवधि की सजा व 1000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान " ऑपरेशन कन्विक्शन " के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा व श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा निरन्तर समीक्षा एवं मार्ग दर्शन दिया जा रहा था। मथुरा पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्ण विवेचना व लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से थाना कोसीकलां मथुरा पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 78/2011 धारा 25 आर्म्स एक्ट में आज दिनांक 26.02.2026 को मा0 न्यायालय सिविल जज (सी0डि0),छाता मथुरा द्वारा इस प्रकरण में विचारण करते हुए साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त ताहिर पुत्र आसू निवासी विशम्भरा थाना शेरगढ,मथुरा को जेल मे बितायी गयी अवधि की सजा व 1000/ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**